## महत्वपूर्ण एवं खास

### मीडिया कर्मियों से दुर्व्यवहार, दो गिरफ्तार

रायपुर, 08 फरवरी (आरएनएस)। पंडरी स्थित कल्याण ज्वेलर्स में कल रात हुए हादसे की सूचना पुलिस को न देने और कवर करने गए मीडिया कर्मियों से दुर्व्यवहार करने वाले दो कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इनका वेरिफिकेशन भी कर रही है। इनमें से एक पवन तिवारी बोधनाथ उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम पुरेझाम तिवारीपुर बहुता पो लही जिला बाराबंकी यू पी है। दूसरा अखिल ए पिता अजय कुमार उम्र 27 वर्ष निवासी मादविलकती विदु आलपपुरम तिरुमला जिला तिरुवनंतपुरम थाना पूंजपुर केरल को सिविल लाइंस थाने में रखा गया है। पुलिस दोनों के व्यक्तिगत वेरिफिकेशन भी कर रही है इन दोनों ने मीडिया कर्मियों से हाथापाई कर घटना शूट कर रहे उनके कैमरे और मोबाइल छीनकर फेंक दिए थे। पुलिस इन्हें किराए में मकान देने वाले मकान मालिकों पर भी कार्रवाई कर सकती है क्योंकि इन्होंने इनके किराए दार होने की जानकारी संबंधित इलाके के थाने में नहीं दी और छिपाई।

### वारंट तामिली के दौरान चोरी की 4 दोपहिया वाहन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर में खम्हारडीह पुलिस ने वारंट तामिली के दौरान चोरी की चार दोपहिया वाहनों के साथ आरोपी मनोज धीवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के निर्देशन में खम्हारडीह पुलिस टीम ने आरोपी मनोज धीवर के खिलाफ न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट की तामिली के दौरान जब उसके पास मौजूद दोपहिया वाहनों के संबंध में पूछताछ की, तो आरोपी ने वाहनों के दस्तावेज नहीं दिखाए और टीम को गुमराह करने की कोशिश की। कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने ये वाहन रायपुर के थाना पंडरी, तेलीबांधा और मंदिर हसौद क्षेत्रों से चुराए थे। आरोपी मनोज धीवर के पास से चोरी के चार दोपहिया वाहन जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 2,40,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 35(1), 303(2) बी.एन.एस.एस. के तहत मामला दर्ज किया और कार्यवाही की।

### छात्रों से अश्लील हरकत के आरोप में शिक्षक बर्खास्त

**रायपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर जिले में शिक्षा विभाग ने एक शिक्षक कमलेश साहू को गंभीर आरोपों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया है। शिक्षक पर छात्रों से अश्लील हरकत, मैसेज भेजने और बेड टच करने का आरोप था। शिकायतों की जांच के दौरान यह आरोप सही पाए गए, जिसके बाद शिक्षा विभाग ने रिपोर्ट संयुक्त संचालक को भेजी। संयुक्त संचालक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कमलेश साहू को तुरंत बर्खास्त कर दिया। आरोपी शिक्षक बिल्हा ब्लॉक के गोंदईया मिडिल स्कूल में पदस्थ था। इसके पहले भी कमलेश साहू पर छात्राओं से अश्लील हरकत करने के आरोप लगे थे और 2024 में छह छात्राओं ने इसकी शिकायत की थी। हालांकि, सबूतों के अभाव में अदालत ने उसे दोषमुक्त कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद शिक्षक ने अपनी हरकतें नहीं सुधारीं। सामान्य रूप से मिल रही शिकायतों के बाद कलेक्टर ने तुरंत संज्ञान लिया और इस मामले में कार्रवाई का आदेश दिया। अब शिक्षक को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

# मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल उन्नयन हेतु भूमि चिन्हांकन के लिए निरीक्षण में निकले कलेक्टर

**❒ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में होना है सुविधाओं का विस्तार, प्रबंधन ने की थी भूमि की मांग**

रायगढ़





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल अल सुबह 6 बजे संत गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय, रायगढ़ के प्रबंधन की मांग एवं सुविधाओं के उन्नयन हेतु भूमि चिन्हांकन के लिए विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ.विनीत जैन, संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ.मनोज मिंज, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, एसडीओ पीडब्लूडी एम.एस. नायक सहित पीडब्लूडी एवं राजस्व के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने शासकीय चिकित्सालय प्रबंधन के मांग पर भावी योजनाओं के अनुरूप उन्नयन हेतु भूमि का चिन्हांकन किए। इस दौरान उन्होंने शासकीय मेडिकल कॉलेज के आसपास की भूमि के साथ ही मातृ शिशु चिकित्सालय के पास के भूमि का भी अवलोकन किया। उन्होंने एसडीएम को भूमि से संबंधित सभी दस्तावेज जांच के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने चिन्हांकित भूमि के संबंध में आरआई, पटवारी से खसरा, हल्कावार जानकारी भी ली। कलेक्टर गोयल ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को निर्देशित किया कि सड़क किनारे चिन्हांकित भूमि का चिकित्सालय उन्नयन हेतु उपयोग किया जाए, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को सीमांकन पश्चात भूमि में बाउंड्री वाल बनाने के निर्देश भी दिए।

**मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का निरीक्षण कर ली जानकारी**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल भ्रमण पश्चात मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डीन डॉ.जैन से अस्पताल के आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ओटी, वॉशरूम सहित अन्य कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने अग्नि शमन मेन्टेनेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारियों को हॉस्पिटल में आवश्यक मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें, जिससे चिकित्सीय सेवा प्रभावित न हो। इस दौरान उन्होंने छत पर सोलर इंस्टॉलेशन के संबंध में चर्चा करते हुए निर्माण एजेंसियों से उनके कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली।

# 38 अधिकारी-कर्मचारियों ने निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र से डाले वोट



**❒ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण कर मतदान प्रकिया का लिया जायजा**

रायगढ़

जिले में 11 फरवरी को नगरीय निकाय के लिए मतदान होना है। इसमें ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिनके लिए मतदान दिवस के दिन ड्यूटी में होने के कारण अपने पोलिंग बूथ पर जाकर वोट डालना संभव नहीं होता है उनके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र के द्वारा वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आज कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में बने निर्वाचन कर्तव्य मतदान प्रकोष्ठ में ऐसे 38 अधिकारी-कर्मचारियो ने अपने मताधिकार का उपयोग कर वोट डाले। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कर मतपत्रों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी सुरक्षा के साथ कोषालय के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित जमा करवाने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर व एसपी ने खरसिया में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

**❒ निर्वाचन शेड्यूल और गाइडलाइंस के अनुसार सारी तैयारियां कर लें सुनिश्चित-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल**

रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल और सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के साथ खरसिया के नगरीय निकाय और पंचायत निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर गोयल ने अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए कमीशंड ईवीएम मशीनों का अवलोकन किया। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम में बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी का भी जायजा लिया।

कलेक्टर गोयल ने मतदान सामग्री वितरण, मतदान दलों के लिए आने-जाने के लिए वाहन, कर्मचारियों और सुरक्षा बलों के आने जाने की व्यवस्था, पोलिंग एजेंट की एंट्री, मतगणना की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने पंचायत निर्वाचन के स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर व एसडीएम डॉ प्रियंका वर्मा, तहसीलदार लोमस मिरी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वित्तीय प्रबंधन को कैरियर के बेसिक स्टेप के रूप में ले छात्र -कलेक्टर

**❒ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा वित्तीय प्रबंधन पर चलाया जा रहा स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम, पहले बैच का प्रशिक्षण रायगढ़ में प्रारंभ**

रायगढ़





नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा आज रायगढ़ के पीएम नटवर स्कूल में वित्तीय प्रबंधन हेतु छात्र कौशल विकास कार्यक्रम के पहले बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। जिसमें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव शामिल हुए।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि वित्तीय प्रबंधन किसी भी कार्य की सफलता का नींव होता है। प्रभावी वित्तीय प्रबंधन के बिना कोई भी कार्य नहीं किया जा सकता। वित्तीय प्रबंधन का गुर सीखकर आप इस फील्ड से पैसे कमा सकते हैं, जिसका लाभ देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा। इस क्षेत्र में कैरियर की भी अपार संभावना है, आप अच्छी जॉब पा सकते है। इस प्रशिक्षण को आप अपने करियर निर्माण के बेसिक स्टेप के रूप में ले। आप कार्यक्रम का पहला बैच हो, सभी अच्छे से तैयारी करों। प्रथम लेवल पास करने के पश्चात दूसरे लेवल के लिए पात्र होंगे, इसके लिए आप अपनी तैयारी अच्छी रखें। इस दौरान उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं भी दी।

चार दिवसीय छात्र कौशल विकास कार्यक्रम में पहले दिन 60 छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्र कौशल कार्यक्रम में कुल 50 घंटे के प्रशिक्षण के साथ 2 स्तर शामिल हैं। प्रथम स्तर में छात्रों को बीएफएसआई के फाउंडेशन कोर्स की जानकारी दी जाएगी। जिसमें छात्रों को बीएफएसआई आर्किटेक्चर, म्यूचुअल फंड में निवेश, पूंजी बाजारों में निवेश, सुरक्षा के लिए आयकर और जीएसटी तथा भारत में फिनटेक के अवलोकन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रथम लेवल परीक्षा पास करने वाले सभी सफल छात्रों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे और वे स्टूडेंट स्किलिंग प्रोग्राम के लेवल 2 के लिए पात्र होंगे। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के युवाओं को सशक्त बनाने के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

नगरीय निकाय निर्वाचन-2025

# 9 फरवरी की संध्या 5 बजे से 11 फरवरी मतदान समाप्ति तथा 15 फरवरी को प्रात: 9 बजे से मतगणना समाप्ति तक मंदिरा दुकानें बंद रखे जाने शुष्क दिवस घोषित

**❒ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जारी किया आदेश**

रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 अंतर्गत रायगढ़ नगर निगम सहित नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के लिए आगामी 11 फरवरी को मतदान तथा 15 फरवरी 2025 को मतगणना होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने नगरीय निकाय निर्वाचन को सुचारू संपन्न कराने हेतु 9 फरवरी 2025 की संध्या 5 बजे से 11 फरवरी 2025 के मतदान समाप्ति तक तथा 15 फरवरी 2025 को प्रात: 9 बजे से मतगणना समाप्ति तक नगरीय निकाय के निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी (सी.एस.2 घघ)/देशी कम्पोजिट (सी.एस-2 घघ-कम्पोजिट), विदेशी (एफ.एल.-1 घघ)/ विदेशी कम्पोजिट (एफ.एल.-1 घघ कम्पोजिट), प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, देशी अहाता (सी.एस. 2 ग-अहाता)/देशी कम्पोजिट अहाता (सी एस.2 ग-कम्पोजिट अहाता), विदेशी अहाता (एफ.एल.1 ख-अहाता) एवं विदेशी कम्पोजिट अहाता (एफ.एल. 1 ख-कम्पोजिट अहाता), सी.एस.1(ग) मद्य भण्डागार, एफ.एल. 3 होटल-बार, एफ.एल. 3(क) शॉपिंग मॉल रेस्टोरेन्ट बार को बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त शुष्क अवधि में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका निगम रायगढ़ अंतर्गत जिन मदिरा दुकानों को बंद रखा जाएगा इनमें देशी मदिरा दुकान चक्रधर रोड, बड़ेरामपुर, सावित्री नगर, बोईरदादार,कोढ़ीपारा, जामगांव शामिल है। इसी तरह देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान-बड़पारा एवं मटनमार्केट, विदेशी मदिरा दुकान-चक्रधर नगर, बड़ेरामपुर, सावित्री नगर, बोईरदादार, कोढ़ीपारा (बैकुंठपुर कोतरारोड), जूटमिल (सहदेवपाली) एवं जामगांव, विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान- विजयपुर, प्रीमियम मदिरा दुकान-केवड़ाबाड़ी, अहाता का नाम -देशी बोईरदादार, देशी सावित्रीनगर, देशी कोढ़ीपारा, देशी जामगांव, विदेशी जामगांव, विदेशी बड़ेरामपुर, विदेशी सावित्रीनगर, सी.एस.1 -मद्य भण्डागार रायगढ़, एफ..एल. 3 होटल बार-किनारा बार, केकी बार, होटल अंश इंटरनेशनल, होटल ट्रिनिटी, होटल एकॉर्ड प्रीमियर, एफ.एल. 3 (क) शॉपिंग मॉल रेस्टोरेन्ट बार -माँ वैष्णव प्रोजेक्ट्स की मदिरा दुकानें रहेंगी बंद। इसी तरह नगर पालिका परिषद खरसिया अंतर्गत -देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान -खरसिया एवं अहाता देशी खरसिया, नगर पंचायत पुसौर अंतर्गत देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान -पुसौर, कोड़ातराई एवं रेंगालपाली, विदेशी मदिरा दुकान -पुसौर एवं कोड़ातराई, अहाता का नाम - देशी कम्पोजिट पुसौर, देशी कम्पोजिट कोड़ातराई एवं विदेशी कोड़ातराई, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर अंतर्गत देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान कोकड़ीतराई, नगर पंचायत घरघोड़ा अंतर्गत देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान घरघोड़ा तथा अहाता देशी एवं विदेशी घरघोड़ा, नगर पंचायत धरमजयगढ़ अंतर्गत देशी मदिरा दुकान धरमजयगढ़, विदेशी मदिरा दुकान धरमजयगढ़ एवं छाल तथा अहाता देशी धरमजयगढ़, नगर पंचायत लैलूंगा अंतर्गत विदेशी कम्पोजिट मंदिरा दुकान लैलूंगा शामिल है।

# वोट के अधिकार का उपयोग करने और रूपए, शराब के प्रलोभन से बचने किया जा रहा जागरूक

सारंगढ़ बिलाईगढ़

जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़, सरिया, बरमकेला, भटगांव, सरसीवा और पवनी के मतदाताओं को वोट के अधिकार को ईवीएम प्रदर्शन के दौरान समझाया जा रहा है कि वोट का अधिकार संविधान द्वारा प्रदत्त है। आप अपने मतदान के अधिकार का जिम्मेदारी से उपयोग करें। यह अधिकार आपको अपने क्षेत्र के भविष्य को आकार देने का अवसर प्रदान करता है। वोट देने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि आप अपने उम्मीदवार की पूरी तरह से जानते हैं कि वह आपका, आपके क्षेत्र का उत्थान करेगा। इसके अलावा, पैसा, शराब, कपड़ा जैसे अन्य प्रलोभन से बचें। हमारे हितों या सामाजिक मूल्यों के विरुद्ध प्रलोभन के कई रूप हो सकते हैं, जैसे कि रुपए या अन्य मटेरियल लाभ, सामाजिक मान्यता या प्रतिष्ठा आदि।

प्रलोभन से बचने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने मताधिकार के मूल्यों और हितों को स्पष्ट रूप से समझें और अपने निर्णयों को सोच-समझकर लें। वोट देने में, प्रलोभन से बचने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग अपने विवेक और निर्णय के आधार पर करें, न कि किसी प्रलोभन या दबाव के कारण। इस प्रकार जिले के सभी मतदाताओं को मतदान प्रचार दल के द्वारा जागरूक भी किया जा रहा है।

# अब छत्तीसगढ़ राज्य में पेट्रोल पंपों पर भी होगी वाहनों की प्रदूषण जांच

**❒ परिवहन विभाग और पेट्रोलियम कंपनियों के बीच बैठक में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय**

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ राज्य में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अब पेट्रोल पम्पों पर वाहनों की प्रदूषण जांच के सेंटर (पीयूसी) स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए पेट्रोलियम कम्पनियों ने अपनी सहमति दे दी है। पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित होने से वाहन चालकों को पीयूसी प्रमाण पत्र बनवाने में आसानी होगी और उन्हें अन्य केंद्रों की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा, यह पहल वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मददगार और राज्य में पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 फरवरी 2025 को परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में वाहनों के धुएं से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत 7 फरवरी 2025 को परिवहन सचिव एवं परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश और अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और रिलायंस इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपने पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केंद्र (पीयूसी सेंटर) स्थापित करने पर सहमति जताई। यह निर्णय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे वायु प्रदूषण को नियंत्रित कर आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बैठक में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के मुख्य प्रबंधक उपेन्द्र गिरी, भारत पेट्रोलियम के चीफ मैनेजर बी. देवकुमार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंधक श्रेयस गुप्ता और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के मुख्य प्रबंधक गौतम कुमार सहित परिवहन विभाग और पेट्रोलियम कंपनियों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नगरीय निकाय निर्वाचन-2025

# मतदान सामग्री वितरण हेतु नगरीय निकाय में बनाए गए 7 केन्द्र : मतदान दलों की सुविधा हेतु निर्वाचन ड्यूटी स्थल पर पहुंचाये जाने हेतु जिला प्रशासन ने की बसों की व्यवस्था

**❒ 9 फरवरी को दोपहर 2 बजे रवाना होगी बसें**

रायगढ़

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत 11 फरवरी 2025 को रायगढ़ जिले के समस्त नगरीय निकाय में मतदान होना है। जिले में मतदान सामग्री विरतण हेतु सभी 7 नगरीय निकाय में कुल 7 केन्द्र बनाए गए है। नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु ड्यूटी लगाए गए मतदान दल की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें निर्वाचन ड्यूटी स्थल पर पहुंचाये जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा आवश्यकतानुसार बसों की व्यवस्था की गई है। उक्त बसें 9 फरवरी 2025 को दोपहर 2 बजे निर्धारित स्थानों से रवाना होकर उनके ड्यूटी स्थल पर पहुंचेगी।

**बस जहां से रवाना होगी एवं जहां पहुंचेगी**

केआईटी रायगढ़ से बस रवाना होगी और नगर पालिका परिषद खरसिया (महात्मा गांधी महाविद्यालय) पहुंचेगी, जिसके लिए मोबा.नं. 62653023132 पर संपर्क कर सकते है। इसी तरह केआईटी रायगढ़ से बस रवाना होकर नगर पंचायत पुसौर (बोरोडीपा) पहुंचेगी, जिसके लिए मोबा.नं. 62653023132 है। बोरोडीपा मैदान पुसौर से बस रवाना होकर किरोड़ीमल नगर रायगढ़ पहुंचेगी, जिसके लिए मोबा. नं. 9340346582 है। पुलिस थाना परिसर घरघोड़ा से बस रवाना होकर डाईट धरमजयगढ़ पहुंचेगी, जिसके लिए मोबा.नं.99261-69207 है। तहसील कार्यालय तमनार से बस रवाना होकर केआईटी रायगढ़ पहुंचेगी, जिसके लिए मोबा. नं.9399231844 है। विवेकानंद स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, ठाकुरदिया, खरसिया से बस रवाना होकर केआईटी रायगढ़ पहुंचेगी, जिसके लिए मोबा.नं.6261494293 है। तहसील कार्यालय परिसर धरमजयगढ़ से बस रवाना होकर कार्यालय जनपद पंचायत लैलूंगा पहुंचेगी, जिसके लिए मोबा. नं.7000256833 है तथा तहसील कार्यालय लैलूंगा से बस रवाना होकर तहसील कार्यालय घरघोड़ा पहुंचेगी, जिसके लिए मोबा. नं.9399628933 में संपर्क कर सकते है।

### मतदान दिवस और मतदान के एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों अनुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन अंतर्गत प्रत्याशियों को मतदान के अंतिम 48 घंटों में प्रिंट मीडिया (समाचार पत्रों) में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक प्रकृति के विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन कराया जाना आवश्यक है। इसके तहत जिले में 10 एवं 11 फरवरी 2025 को समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक प्रकृति के विज्ञापन का जिला निर्वाचन कार्यालय के मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति से पूर्व प्रमाणन आवश्यक है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480